I am sure that this will be implemented as early as possible.

Let me make a brief reference to industrial production. The index rose from 138 to 149. The steel plants have gone into production. Machine tools have gone into production to a larger extent and we are achieving very good progress. Our object, of course,

[Shri T. Subramanyam]

is to achieve a self-sustaining and self-generating economy. We can achieve that only when we are able to finance our own projects, iron and steel plants, big machine-building plants, etc. with our own resources and at the same time produce technicians. and technologists who will draw up designs, manufacture equipment instal the factories and see that they start working. If all that is done by our own people with our own resources, we can say that we have achieved a self-sustaining and self-generating economy. It is our object to see that this position is achieved by the third Five Year Plan. As the President has stated, before this, our administrative system should be geared in such a way that delays are avoided. At present the rules of procedure and departmentalism are such that instead of expediting matters, they operated as obstacles. This should be avoided. I do not say that a particular individual is responsible for this. We have got very good officers in various departments. Some of the new IAS men are very good and they take a constructive, earnest and sincere attitude in implementing our plans. Still, so far as the procedures and the rules of departmentalism are concerned, we should try to radically modify them in such a way that they do not become hurdles or obstacles but they enable us to see that the work is expedited and completed as early as possible.

Then, we must achieve a balanced regional development of all parts of the country. There is a feeling in the South—I must give expression to it—that as much attention as ought to be given has not been given. For instance, steel factories are sought to be started. Let them be started. We require as much steel as possible; it may be ten million tons or even more. In South India there are places where pilot plants could be started. For instance, in my own district of Bellary we have got iron ore of the most precious variety. I am not saying this because it is in my district. Russian scientists and technologists have stated that the iron ore of Bellary district is of the most precious variety in the world, and it is available in abundant quantities. It is not an exaggeration. We can utilize that. With regard to the cost of the actual product, we can take into consideration various factors like freight, distance to be covered and the transport facilities.

Coming to transport, in the Third Five Year Plan we are going to be short of railway capacity, and the other modes of transport will not be able to cope up with the increasing demands from our economy. Therefore, we must try to decentralise, whether it is steel, or fertilizer, or other products. I am mentioning steel only as an example. We must try to decentralise the industries so that the problem of transport could be overcome, freight could be minimized and people could get these things as early as possible.

Oil is playing a very important part in our economy. We had been hoping that oil research will forge ahead and make progress. We hope that the Ministry of Oil, Mines and Fuel will get more support from Government and they will expedite the drilling and other processes to make our country self-sufficient, or at least meet a substantial proportion of our requirements.

I was saying that we must forge ahead with regard to the integration of the various modes of transport—rail, road and waterways. There should be more of extension of railways in South India. We want railway lines should be extended from Kottur to Harihar, from Rayadurg to Chitaldurg in Mysore and other places in South India. All these years it could not be done because of the non-availability of iron girders, rails and such things. Now that three steel factories are going to produce steel, this sort of excuse should not come in, and they must see that South India also has more railway lines under the Third Plan.

Water transport has been neglected all these years, and I am sure Government will pay greater attention to it. We must try to link up all the various river systems in India, as it is very necessary for a developing economy like ours. The CWPC are now seized of the matter and they have been trying to have a plan for this purpose. I am sure that Government will try to get it as early as possible.

श्री वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री ने श्री चाऊ एन-लाई को जो पत्र भेजा है और जिस में उन्हें दिल्ली आने की दावत दी गई है, उस से एक नई परिस्थिति पैदा हो गई है। यह पत्र ५ तारीख को भेज गया और उस के बाद ८ तारीख को संसद की बैठक आरम्भ हुई। ईमानदारी का तकाजा था कि राष्ट्रपति के भाषण में कुछ ऐसे संकेत दिये जाते जिन से यह पता लगता कि सरकार ने चीन के सम्बन्ध में अपनी नीति को बदलने का फैसला कर लिया है।

राष्ट्रपति हमारे राष्ट्र के अधिष्ठाता है। वर्ष में एक बार वह संसद के सामने भाषण देते हैं। उन के भाषण से कम से कम शासन की नीति में परिवर्तन का संकेत मिलना चाहिये था। किन्तु राष्ट्रपति जी से कहलवाया गया कि चीन ने हमारी सामान्य सीमा पर एकतरफा कार्य किया है। उन्हों ने यह भी कहा कि चीन ने हमारे साथ विश्वासघात किया है और यह भी कि मेरी सरकार उचित शर्तों के साथ और उचित अवसर पर शान्तिपूर्ण बातचीत और दृढ़ता से देश की प्रतिरक्षा की तैयारी की नीति का अनुसरण कर रही है। जब राष्ट्रपति जी संसद् के सदस्यों के सामने यह भाषण कर रहे थे उस से पहले हमारे प्रधान मंत्री ने चीनी प्रधान मंत्री को दिल्ली आने का निमंत्रण दे दिया था। मुझे भय है कि राष्ट्रपति जी को गलत स्थिति में डाल दिया गया है। हमारे प्रधान मंत्री ने संसद के प्रति ईमानदारी से काम नहीं लिया है। श्री चाऊ एन-लाई को उन का निमंत्रण

सरकार की अब तक की उदघोषित तथा संसद द्वारा पुष्ट नीतियों के सर्वथा प्रतिकूल है। बम के धड़ाके की तरह से यह नीति का परिवर्तन सर्वथा अप्रत्याशित, अनावश्यक और असम्मानजनक है।

कल जब यहां स्थगन प्रस्ताव रखा गया तो हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हमारी हर दम यह नीति रही है कि हम रास्ता निकालने के लिये हर किसी से मिलने के लिये तैयार रहते हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने पिछले चालीस साल का भी हवाला दिया। मैं इतने पुराने अरसे में नहीं जाना चाहता। मैं तो सिर्फ उन से यह जानना चाहता हूं कि उन्होंने श्री चाऊ एन-लाई को रंगून आने का निमंत्रण क्यों ठुकराया था। उन्हों ने उस समय यह कहा था :

"How can we reach agreement on principles when there is such complete disagreement about facts."

उन्हों ने यह भी कहा था अपने १६ नवम्बर के पत्र में :

"While I am ready to meet at a suitable time and place, I feel that we should concentrate our immediate efforts on reaching interim understanding which will help in easing the present tension and will prevent the situation getting worse. Thereafter, the necessary preliminary steps might be taken and the time and place of meeting could be fixed."

उन्हों ने यह भी लिखा था :

"It is necessary that some preliminary steps are taken and the foundations of our discussion laid."

मैं पूछना चाहता हूं कि २६ दिसम्बर और ५ फरवरी के बीच में कौन से प्रमुख कदम उठाये गये हैं कौन सा अन्तरिम

[श्री वाजपेयी]

समझौता किया गया है, क्या बातचीत के लिये कोई आधार निश्चित किया गया है ? मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो समझते हैं कि हमारे प्रधान मंत्री अगर रंगून जाते और चीन के प्रधान मंत्री अगर दिल्ली आते हैं तो इस में कोई फर्क पड़ता है । एक राष्ट्र के नाते हम प्रतिष्ठा की इतनी छोटी बातों को ले कर नहीं चल सकते । सवाल यह है कि अगर उस समय यह शर्त लगायी गयी थी कि प्रेलिमिनरी स्टेप लिये जाने चाहियें, अन्तरिम एग्रीमेंट होना चाहिये, तब बात होगी, और अगर उस समय यह शर्त ठीक थी और इसलिये प्रधान मंत्री रंगून नहीं गये, तो आज भी वह शर्त ठीक है । और अगर प्रधान मंत्री जी समझते हैं कि हमारी यह शर्त गलत थी तो वह साफ शब्दों में यह बात कहें । वह नीति बदल सकते हैं, उन के साथ सदन का बहुमत है, देश की जनता भी उन से प्यार करती है । अगर उन को परिवर्तन करना था तो वह सदन को और देश की जनता को अंधेरे में न रखते । राष्ट्रपति जी के भाषण से इस बात के संकेत मिलने चाहियें थे कि सरकार की नीति में परिवर्तन हो रहा है । लेकिन मुझे यह देख कर दुःख हुआ कि इस प्रकार के परिवर्तन का कोई संकेत नहीं दिया गया । मैं उन से पूछना चाहता हूं कि इस बीच में क्या उन्हें कोई संकेत मिले हैं, क्या श्री पारथा-सारथी पीकिंग से कोई संदेश ले कर आये हैं, क्या सोवियत नेताओं ने उन्हें कोई आश्वासन दिया है, वह कौन सा दबाव है, वह किस का प्रभाव है जिस में आ कर प्रधान मंत्री ने श्री चाऊ एन-लाई को दिल्ली आने का निमंत्रण दिया है । मुझे लगता है कि सारे तथ्य हमारे सामने नहीं रखे गये और हो सकता है उसी कारण हम चाऊ एन-लाई को दिल्ली बुलाने के निमंत्रण का विरोध करते हैं, प्रधान मंत्री जी को इस सदन को विश्वास में लेना चाहिये । जो ५ फरवरी को उन्हों ने पत्र लिखा है उस में भी उन्हों ने कहा है :

"I do not see any common ground between our respective viewpoints."

उन्हों ने यह भी कहा है :

"Although any negotiations on the basis you have suggested are not possible, still I think it might be helpful for us to meet."

पहले उन्हों ने कहा था कि जब तक इन्टेरिम एग्रीमेंट नहीं होगा, मिलना यूजफुलन हीं रहेगा । अब वह कहते हैं कि मिलना हैल्पफुल हो सकता है । किस आधार पर कहते हैं ? हमें बताया जाये समझाया जाये । हम समझने के लिये तैयार हैं । लेकिन मालूम होता है कि कोई आधार नहीं है, क्योंकि एक्सटर्नल एफेयर्स मिनिस्ट्री के एक प्रवक्ता ने समाचारपत्रों के संवाददाताओं से कहा कि हम ने इस लिये बुलाने का निमंत्रण दिया है क्योंकि दुनिया हमें कह रही थी कि तुम मिलने तक के लिये तैयार नहीं, वर्ल्ड ओपोनियन हमारे खिलाफ हो रही थी । मुझे बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि एक्सटर्नल एफेयर्स मिनिस्ट्री दुनिया की राय की चिन्ता करती है, मगर इस निमंत्रण का देश की चालीस करोड़ जनता पर क्या मनोवैज्ञानिक असर होगा, इस की चिन्ता नहीं की गई । दुनिया की चिन्ता करने से पहले देश का विचार करना चाहिये और मुझे दुख है कि यह निमंत्रण जनता की भावनाओं के अनुकूल नहीं है । मेरा निवेदन है कि सरकार की चीन सम्बन्धी नीति धीरे धीरे बदलती जा रही है और हमारे प्रधान मंत्री जी अपने ऊंचे आसन से फिसलते जा रहे हैं । इस सदन के सामने उन के दो रूप आये हैं । एक दिन सदन में खड़े हो कर उन्हों ने नेशन इन आर्म्ज की चर्चा की थी । राज्य सभा में उन्हों ने चर्चिल के ब्लड, टायल एंड टीयर्ज के शब्दों को दोहराया था । दो स्वरूप हैं । एक स्वरूप ऐसे राष्ट्र नायक का है, जो स्वाभिमान से भर कर आत्म-सम्मान के साथ आक्रमण का मुकाबला करना चाहता है और एक ऐसे दुर्बल व्यक्ति का चित्र है, जो देश के स्वाभिमान की रक्षा नहीं कर पा रहा है । एक चित्र

के ऊपर ब्रिटेन को विजय दिलाने वाले चर्चिल की छाया है तो दूसरे चित्र के ऊपर संतुष्टीकरण की नीति अपना कर हिटलर का हौसला बढ़ाने वाले चैम्बरलेन की छाया है। मैं जब ये शब्द कहता हूं तो मुझे बड़ा दुःख होता है, लेकिन ये दोनों चित्र हमारे सामने आये हैं। ऐसा लगता है कि एक विभक्त व्यक्तित्व—एक डिवाइडिड पर्सनेलिटी हमारे सामने है।

जब प्रधान मंत्री ने नेशन इन आर्म्ज की चर्चा की थी तो मैं ने उन्हें बधाई दी थी। मैंने कहा था कि मुझे विश्वास है कि देश का सम्मान आप के हाथों में सुरक्षित है। मगर उन के नये पत्र से यह विश्वास हिल गया है और मैं चाहता हूं कि वह इस विश्वास को फिर से प्रतिष्ठापित करें। इसके लिए उनको यह स्पष्टीकरण करना चाहिये कि आखिर वह श्री चाऊ-एन लाई से किस आधार पर बात करने जा रहे हैं। पहले कहा जाता था कि मिलने में तो हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन किस आधार पर मिलना होगा? अब कहा जाता है कि हम मिल सकते हैं और बात भी करेंगे, मगर समझौते की बात नहीं करेंगे। मैं यह समझने में असमर्थ हूं कि बात कहां खत्म होगी और समझौते की बात कहां शुरू होगी। अगर श्री चाऊ-एन-लाई नई दिल्ली आ रहे हैं तो दिल्ली के मौसम पर चर्चा करने नहीं आ रहे हैं। धान पैदा करने की चीनी पद्धति क्या है इसको समझाने के लिए भी वह नहीं आ रहे हैं। इसके लिये तो एशीकल्चर फेयर में चाइनीज पैविलियन काफ़ी है। इसके लिए श्री चाऊ-एन-लाई को पेकिंग से नई दिल्ली आने का कष्ट देने की आवश्यकता क्या है? हमें अपने को धोखे में नहीं रखना चाहिए। स्पष्ट है कि चीन से सीमा सम्बन्धी विवाद के बारे में बात होगी। किस आधार पर बात होगी? मैं प्रधान मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि वह इस मसले पर कहां तक जाने के लिए तयार हैं। मेरे हृदय में आशंका है कि शायद हम अक्साई-चिन के इलाके को चीन को सौंप कर शान्ति को खरीदना चाहते हैं।

श्री च० द० पाण्डे (नैनीताल) : बिल्कुल नहीं।

श्री वाजपेयी : अगर यह बात नहीं है तो मैं चाहूंगा कि प्रधान मन्त्री जी एक बार फिर से, उनके पत्र के कारण संसद के सदस्यों और देश की जनता के मन में जो भ्रम उत्पन्न हो गया है, सन्देह पैदा हो गए हैं, उन का निराकरण करें।

होना तो यह चाहिए था कि हमारे प्रधान मन्त्री और सरकार शीत ऋतु का लाभ उठा कर चीनी आक्रमणकारियों को भारत की भूमि से खदेड़ने की कोशिश करते, लेकिन यहां तो समर्पण की सामग्री संजोई जा रही है। उन्होंने भाषण देते हुए कहा कि हम भारत की भूमि पर विदेशी सेना को बर्दाश्त न करेंगे। मैं उनकी इस घोषणा का स्वागत करता हूं लेकिन काश्मीर की ४२ हजार वर्ग मील भूमि पाकिस्तान के कब्जे में है। काश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, मगर गुलाम काश्मीर में जिस देश की सेना है, वह भारत नहीं है। काश्मीर में विदेशी सेना मौजूद है और लद्दाख और लौंगजू में भी विदेशी सेना मौजूद है। अगर देश में पाकिस्तान के साथ सैनिक गठबन्धन करने की बातें होती हैं—मैं उनका समर्थक नहीं हूं, लेकिन अगर होती हैं—तो उसके मूल में यह भावना है कि भारत सरकार की सुरक्षा नीति और विदेश नीति अपने राष्ट्र के हितों का संवर्द्धन करने में असफल साबित हो गई है। जब हमें अपनी कमजोरी का अहसास होता है, तो हम इधर उधर आंखें फैलाते हैं। दूसरों के साथ गठबन्धन करने की बातें बन्द हो जायेंगी, अगर सरकार शक्ति के साथ, साहस के साथ, जो भारत की भूमि विदेशियों के कब्जे में है, उसे मुक्त करने के लिये कदम उठायेगी। लेकिन मालूम ऐसा पड़ता है कि देश के सामने जो परिस्थितियां हैं उसका दृढ़तापूर्वक सामना करने का सामर्थ्य

[श्री वाजपेयी]

और साहस सरकार के भीतर नहीं है । अगर प्रधान मन्त्री चीनी सेना को लद्दाख और लांगजू के क्षेत्र से निकाल कर बाहर नहीं कर सकते, तो कम से कम वह उनके साथ कोई ऐसा समझौता तो मत करें, जो राष्ट्र के लिए अपमानजनक हो और जिससे राष्ट्र की जनता का मनोबल टूट जाये ।

प्रधान मन्त्री जी ने श्री चाऊ एन-लाई को लिखा है कि अगर वह आयेंगे तो उनका सरकारी स्वागत होगा । सरकार स्वागत कर सकती है और अगर आवश्यकता हो तो फ़ौज के जवान हवाई अड्डे पर इकट्ठे किए जा सकते हैं, दिल्ली के स्कूलों के छोटे छोटे बच्चों को सड़कों पर खड़ा किया जा सकता है मगर यह जनता का स्वागत नहीं होगा । जहां तक मेरी पार्टी का सवाल है—छोटी सी पार्टी है—हम श्री चाऊ एन-लाई को नई दिल्ली बुलाने का विरोध करते हैं और अगर आवश्यकता पड़ेगी तो इस विरोध को प्रकट भी करेंगे ।

एक माननीय सदस्य : ब्लैक फ्लैग्ज़ ?

श्री वाजपेयी : इस सम्बन्ध में मैं एक बात और कह दूं । हमारे यहां बहुत से विदेशी महमान आते हैं । उनके स्वागत का हमने एक तरीका बना रखा है । समय आ गया है कि उस तरीके में परिवर्तन किया जाये । किसी के स्वागत के लिए कितनी भीड़ आती है ? मानो यह मापदण्ड हो गया है इस बात का कि हम तटस्थता की नीति पर कितना चलते हैं और चलना चाहते है कि नहीं । मैं समझता हूं कि यह बात ठीक नहीं है । मैं चाहता हूं और देश की बहुसंख्यक जनता यह चाहती है कि हम किसी गुट के साथ शामिल न हों, मगर जो विदेशी महमान आते है उनके स्वागत का हमने ऐसा तरीका अपना रखा है कि लोगों की जो भीड़ जमा होती है, उसको देख कर विदेशी समाचारपत्र और सम्वाददाता और उस देश के रहने वाले इस बात का अनुमान लगाते हैं कि भारत किधर झुक रहा है, मानो हम कोई टाइट रोप डांसिंग कर रहे हैं । और अगर छुट्टी का दिन नहीं है, भीड़ अगर नहीं आई, भले ही हम दफ़्तर की छुट्टी कर दें और स्कूलों के लड़कों को भी लाने की कोशिश करें, अगर फिर भी लोग नहीं आए, तो यह समझा जाता है कि हम किसी गुट की तरफ़ झुक रहे हैं । मैं समझता हूं कि समय आ गया है जब विदेशी महमानों के स्वागत की पद्धति में परिवर्तन किया जाना चाहिए । कितने लोग आते हैं, यह हमारी विदेश नीति की तटस्थता का मापदण्ड नहीं हो सकता । होना भी नहीं चाहिए और मैं चाहूंगा कि इस पद्धति को बदलने के बारे में विचार किया जाये ।

उपाध्यक्ष महोदय इस विवाद में भ्रष्टाचार की भी चर्चा हुई है । मैं समझता हूं कि भ्रष्टाचार का नाम सुनते ही अगर हम बिगड़ जायें, तो इससे कोई परिस्थिति सुधरने वाली नहीं है । अगर हम बिगड़ते हैं,तो लोग समझते हैं कि भ्रष्टाचार ज़रूर है, जिससे हमें गुस्सा आता है । शेष कोपेन पूरेत । संस्कृत की एक कहावत है कि जब तर्क काम नहीं देता, तो व्यक्ति गुस्सा हो जाता है ।

पंडित कृ० चं० शर्मा (हापुड़) : और ज़ोर ज़ोर से बोलता है ।

श्री वाजपेयी : यह क्रोध, यह गुस्सा तर्क का स्थान नहीं ले सकता है । भ्रष्टाचार की अगर चर्चा है, तो समझना चाहिए कि भ्रष्टाचार ज़रूर है । यत्र तत्र धूमः तत्र तत्र वन्हिः अगर धुंआ है, तो आग होनी चाहिए । प्रश्न यह है कि हम भ्रष्टाचार के सवाल को यहां पर कानून के चश्मे से न देखें। हो सकता ह कि बहुत सी चीज़ें कानून की पकड़ में न आयें, मगर उचित अनुचित और भले बुरे के अन्तर्गत आ जायें । अब कहा जाता है कि हर एक का प्रमाण लाइये । मैं समझता हूं कि यह प्रश्न तो श्री सी० डी० देशमुख से किया जाना चाहिए, जिन्होंने कतिपय आरोप लगाये हैं और मैं

प्रधान मन्त्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि श्री सी० डी० देशमुख के साथ उनका जो पत्र-व्यवहार हो रहा है उसको वह प्रकाशित कर दें, उसे सदन की मेज़ पर रख दें। मैं भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए एक आयोग नियुक्त करने के पक्ष में हूं। लेकिन मेरा एक सुझाव है कि वह आयोग इलैक्शन कमीशन जैसा नहीं होना चाहिए। उस आयोग के साथ उस की प्रासीक्यूटिंग मशीनरी भी अलग होनी चाहिए। अगर इलैक्शन कमीशन जैसा वह आयोग हुआ और नीचे मामलों की जांच पड़ताल करने और प्रमाण इकट्ठा करने, गवाह जुटाने के लिये कोई अलग व्यवस्था नहीं हुई तो वही बात होगी जो राजस्थान में नाथद्वारा काण्ड में हुई थी केवल ऊपर आयोग नियुक्त कर देने से काम नहीं चलेगा। राज्यों और केन्द्र के प्रशासन की मशीनरी से अलग उस आयोग की एक प्रासीक्यूटिंग मशीनरी भी होनी चाहिये जो उन आरोपों की जांच करे, तथ्य इकट्ठा करे, तथा प्रमाण लाए। मैं समझता हूं कि ऐसे एक आयोग को नियुक्त करने की आज आवश्यकता है।

उपाध्यक्ष महोदय, एक और बात कह कर मैं समाप्त कर दूंगा। केन्द्रीय सरकार ने बम्बई प्रान्त के विभाजन का जो निर्णय किया है, सब ने उसका स्वागत किया है। अच्छा होता अगर यह निर्णय पहले लिया जाता और जो कटुता उत्पन्न हो गई है वह होने न पाती। लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद। हम ठीक राह पर आ गए हैं। लेकिन हमारा निवेदन है कि जिस ढंग से यह काम किया जा रहा है उससे मालूम पड़ता है कि बम्बई को बांटने का मामला केवल कांग्रेस पार्टी का घरेलू मसला है और इसको इस ढंग से हल किया जा रहा है कि जो और भी लोग हैं उनके मन में भी कुछ नए प्रश्न, कुछ नई शंकायें खड़ी हो रही हैं। अभी बम्बई और मैसूर का सीमा सम्बन्धी विवाद ठीक तरह से हल नहीं हुआ। गुजरात को सहायता मिलना आवश्यक है मगर वह किस रूप में दी जाए, इसका विचार होना चाहिए। अगर महाराष्ट्र की यह भावना हो कि गुजरात को सहायता देने के लिए उससे चौथ वसूल की जा रही है जिसे मराठी में खंडनी कहते हैं, कि गुजरात का अलग प्रान्त बन रहा है इसलिए महाराष्ट्र को चौथ देनी होगी तो यह ठीक नहीं है। जो कुछ सहायता देनी है वह केन्द्रीय सरकार को देनी चाहिए और महाराष्ट्र की जनता को और विरोधी दलों को भी विश्वास में लेकर बम्बई को बांटने के सम्बन्ध में निर्णय करना चाहिए।

लेकिन बम्बई के साथ-साथ अब पंजाब के बटवारे की भी आवाज उठाई जा रही है। कल दिल्ली के एक सदस्य बोले थे जिन्होंने महा दिल्ली की बात कही और साथ ही साथ यह भी कहा कि दिल्ली में कोई रिसपांसिबिल गवर्नमेंट नहीं है। मैं तो उन्हें जिम्मेदार आदमी समझता था लेकिन उन्होंने बात तो बिल्कुल गैर जिम्मेदारी की कही। अगर देश में सभी विधान सभायें भंग कर दी जायें और केवल संसद् ही उनका शासन चलाये और देश में यूनिटरी फार्म आफ गवर्नमेंट हो जाय तो भी मैं समझता हूं कि लोकतंत्र रहेगा। यह आवश्यक नहीं है कि हर जगह विधान सभायें होनी चाहियें। और दिल्ली में तो इसकी बिल्कुल आवश्यकता नहीं है। लेकिन कुछ राजनीतिज्ञ हैं जो अपना विचार करते हैं, जो जनता की भलाई और देश के कल्याण की चिन्ता नहीं करते, वे कहते हैं कि उत्तर प्रदेश को बांट दो, भले ही उत्तर प्रदेश बंटने के लिए तैयार न हो, हरियाना को भी अलग कर दो और महा दिल्ली बना दो और बाद में उस के सिंहासन पर हम को प्रतिष्ठित कर दो। मैं समझता हूं कि महा दिल्ली के निर्माण की कोई आवश्यकता नहीं है। हरियाना की जो समस्या है, हरियाना की जो उपेक्षा की जा रही है, उस पर विचार होना चाहिये पंजाब को बांटने की आवश्यकता नहीं है, बड़ा बनाने की आवश्यकता है हिमाचल

[श्री वाजपेयी]

को पंजाब में मिलाया जा सकता है । जो भाषा की समस्या है उस का हल पंजाब के बटवारे से नहीं निकलेगा । छोटे-छोटे राज्य हमारे देश की आर्थिक प्रगति में सहायक नहीं हो सकते । जैसे-जैसे हम विकास करते जा रहे हैं और जैसे-जैसे देश में औद्योगीकरण हो रहा है, ये जो राज्यों की सीमायें हैं, ये अपना महत्व खोती जा रही हैं । और प्लानिंग तो एक ऐसा केन्द्रीय विषय है जिस मे अधिकाधिक अधिकार केन्द्रीय सरकार के हाथ में जा रहे हैं । आवश्यकता इस बात की है कि किसी भी भाषा भाषी वर्ग को इस बात का अनुभव नहीं होना चाहिये कि उस की भाषा को दबाने की कोशिश की जा रही है, उस की भाषा को मिटाने की कोशिश की जा रही है और अगर ऐसी भावना पंजाब में है तो मैं समझता हूं कि गलत है । पंजाबी भी हमारी भाषा है, पंजाबी भी हमें पढ़नी चाहिये, पंजाबी हम बोलते हैं, पंजाबी को सीखने में हमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये और पंजाबी के साथ-साथ पंजाब में हिन्दी का भी बराबर का स्थान होना चाहिये । मैं नहीं समझता कि भाषा के विवाद को राजनीतिक क्षेत्र में लाने की आवश्यकता है और इसलिए महादिल्ली के निर्माण का सवाल ही पैदा नहीं होता । राजनीतिक क्षेत्र में जो असन्तुष्ट नेता हैं, वे महादिल्ली का नारा लगा रहे हैं और मुझे विश्वास है कि उस नारे का कोई महत्व नहीं होगा । पंजाब की परिस्थिति और बम्बई की परिस्थिति अलग है । पंजाब की परिस्थिति मे बम्बई की परिस्थिति को लागू करना ठीक नहीं होगा । पंजाब की अलग समस्या है । उस के निराकरण के लिए प्रयत्न होना चाहिये, लेकिन बम्बई के साथ जोड़ कर उस को देखने की आवश्यकता नहीं है । जब हमारे सामने विदेशी आक्रमण का संकट है, जब हमें निर्धनता के विरुद्ध संघर्ष करना है तब हम छोटे-छोटे राज्यों की मांग ले कर खड़े नहीं हो सकते और मैं समझता हूं कि इस प्रकार की मांगों के प्रति सरकार ठीक प्रकार का रवैया अपनायेगी ।

श्री खादीवाला (इंदौर) : उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी का भाषण हमारे पिछले एक साल के कार्यों का लेखा जोखा है । अपने भाषण के प्रारम्भ में ही उन्हों ने चीन की चर्चा की है और चीन की कार्रवाई को उन्हों ने विश्वासघात की संज्ञा दी है । चीन के सम्बन्ध में मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो बातचीत करने के लिए अपनी रज़ामन्दी प्रकट की है, वह हमारी तरफ़ से प्रारम्भ नहीं हुई, पहले चीन ने ही मुलाकात के लिए उन को लिखा था और उस ने रंगून में इस बातचीत को करने का सुझाव दिया था । वह बात खत्म हुई और बहुत दिन तक इस पर चर्चा होती रही । उस के बाद जो कुछ भी वातावरण बना उस को देखते हुए ही हमारे लीडर जो हैं, हमारे जो प्रधान मंत्री हैं, उन्हों ने मुलाकात के लिए चीन के प्रधान मंत्री को हिन्दुस्तान आने का निमंत्रण दिया है । इस से अधिक इस विषय में मुझे कुछ नहीं कहना है ।

हमारे राष्ट्रपति जी ने तृतीय पंचवर्षीय योजना का जिक्र किया है । पहली तथा दूसरी पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान में काफी काम हुए हैं । इन दस बारह बरसों में कोई भी गांव या कसबा ऐसा नहीं बचा है जहां कुछ न कुछ काम न हुआ हो, चाहे वहां सड़क बनी हो, स्कूल खुले हों, अस्पताल खुले हों, कुएं बने हों, तालाब बने हों, बांध बने हों या कुछ और बना हो, कुछ न कुछ जरूर वहां बना है । मैं समझता हूं कि इन दस बारह बरसों में काफी फर्क पड़ गया है, देश में काफी जागृति पैदा हुई है, और हम यह कह सकते हैं कि पिछले बारह बरसों में उत्पादन भी दुगना हो गया है । आज से दस पंद्रह बरस पहले जो चीजें विदेशों से आती थीं वे सब

की सब या तो आज हिन्दुस्तान में बनने लग गई हैं या उन के बनाने का आज यहां प्रयत्न हो रहा है ।

राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में अनाज का भी जिक्र किया है और कहा है कि अनाज के आयात पर आज भी हमारे देश का काफी पैसा बाहर जाता है । वैसे तो अनाज में भी हम ने देखा कि पिछले वर्षों में उस का उत्पादन काफी बढ़ा है । उस उत्पादन को देखते हुए हम यह कह सकते हैं कि उस के इतने बढ़ने के बाद कमी क्यों है ? मैं तो यही कहूंगा कि आज से पहले हम यह देखें कि हमारे देश में अनाज की खपत कितनी थी । अनाज की खपत हमें मालूम है । हम यह जानते हैं कि पहले करोड़ों आदमियों को एक वक्त पेट भर खाना नहीं मिलता था और बहुत कम लोग अच्छी तरह खा पी सकते थे । यहां करोड़ों आदमी ऐसे थे जो ज्वार की रोटी, चटनी और कांटा से अपना पेट भरते थे और बहुत मुश्किल से अपना पालन पोषण करते थे । लेकिन आज हम देखते हैं कि अनाज की जरूरत पहले से कई गुना ज्यादा बढ़ी है, और उसके साथ हमारी पापुलेशन भी दिन-प्रति-दिन बढ़ती जा रही है, और यही कारण है कि जिस की वजह से हमारे देश में अनाज की काफी कमी है । मैं उस प्रदेश से आता हूं जिस में काफी अनाज पैदा होता है—यानी मध्य प्रदेश । मध्य प्रदेश में जोन बनने के सम्बन्ध में पिछले समय हमारे पाटिल साहब ने कहा था कि मध्य प्रदेश और बम्बई का जोन बनाया जाये । और बम्बई और मध्य प्रदेश का जोन इसलिये बनाया जाये कि अब सारा देश एक है । उस में कोई फर्क नहीं होना चाहिये । उन की यह बात ठीक है । मैं भी इस बात को मानता हूं, लेकिन जब एक बार पहले जोन बना था तो उस के बनने से वहां की हालत यह हो गई थी कि तमाम अनाज जहां वह महंगा बिकता था वहां चला जाता था । उस के बाद जो अनाज पहले १४, १५ या १६ रु० मन बिकता था वह ३४, ३५ रु० मन बिकने लगा । समानता का मतलब यह है कि हर प्रदेश में समानता हो । आज बम्बई को हम लें । जोन बनने के बाद वह के आदमियों, किसानों की आमदनी, वांके मजदूरों की आमदनी, वहां के एम्प्लायीज की आमदनी को लें और मध्य प्रदेश के लोगों की आमदनी को लें तो दुगना और तिगुना फर्क मालूम होगा । अभी हमारे प्राशि के एम्प्लायीज की हड़ताल हुई थी देखोंकि उन की पे बहुत कम रक्खी गई है । इस लिये हड़ताल हुई थी कि चीजों के भाव ज्यादा महँगे होते जाते हैं । यह भी एक कारण है जिस की वजह से आज हमारे मध्य प्रदेश की सरकार इस बात को कह रही है कि जोन एक नहीं बनाया जाना चाहिये, हां, अगर ज्यादा अनाज हो तो जरूर उसे बाहर भेजना चाहिये । होता यह है कि पोर्ट पर अनाज विदेशों से आता है । यहां का अनाज दूसरी जगह को जाता है और वहां का अनाज जो उतरता है वह आकर यहां बिकता है । उस पर काफी खर्च होता है । अनाज के सम्बन्ध में मैं यह बतालाऊं कि आज भी हमारी सरकार द्वारा काफी प्रयत्न किया जा रहा है कि उस का उत्पादन काफी हो ।

मध्य प्रदेश तीन प्रदेशों और एक कमिश्नरी को मिला कर बनाया गया है । अभी राष्ट्रपति जी ने बम्बई के दो विभाग करने की बात कही है । हमारे मध्य प्रदेश के बनने के बारे में जब आयोग की रिपोर्ट निकली तो स्वयम् प्राइम मिनिस्टर साहब ने यह कहा था कि यह प्रदेश बड़ा बेडौल बनाया गया है । आप तीन वर्षों के आंकड़ों को देखिये । अभी तक तीनों प्रदेशों में अलग अलग कायदे कानून चलते हैं । इन प्रदेशों के ४९८ कानून कायदे अभी तक उस में चलते हैं । उन का एकीकरण नहीं हुआ । जमीन का एकीकरण नहीं हुआ, वहां की शिक्षा का एकीकरण नहीं हुआ, वहां की पे का एकीकरणनहीं

[श्री खादीवाला]

हुआ । हर एक बात में काफी मुश्किलें हमारे सामने आती हैं । आयोग ने लिखा था कि यह प्रदेश जो होगा उस में आने जाने के साधन--रोड्स और रेलवेज--ज्यादा से ज्यादा बनाये जायेंगे । उस में खनिज पदार्थ काफी हैं। यह सब बातें उस वक्त लोगों को बताई गई थीं और यही समझ कर हम लोगों ने यह बात मानी थी कि यह जो प्रदेश बन रहा है उस में जिन साधनों की कमी हो वे पूरे किये जायें । लेकिन आज हम क्या देखते हैं । मैं अनुभव से कह सकता हूं कि छोटे प्रदेश ज्यादा अच्छी तरह चल सकते हैं । छोटे प्रदेशों में अगर कहीं भी कोई कठिनाई हो, तकलीफ हो तो वहां जल्दी से जल्दी पहुंचा जा सकता है, उसको कोई रोक नहीं होती । आज हम देखते हैं कि बावजूद इस के कि हमारे यहां की हुकूमत इस बात की कोशिश कर रही है कि हम अपने प्रदेश को अच्छा कर सकें, परन्तु आज भी हमारे प्रदेश में क्षेत्रीय भावना मौजूद है । वहां महाकौशल के, विंध्य प्रदेश के, मध्य भारत के और भोपाल राज्य के जितने भी कर्मचारी हैं, सेक्रेटरी हैं, वहां के कार्यकर्ता हैं, उन में भी अपनी-अपनी तरफ खींचने की भावना आज भी मौजूद है । अगर एक कर्मचारी है और एक सेक्रेटरी है जो कि दोनों एक क्षेत्र के हैं, तो सेक्रेटरी यह देखेगा कि उस कर्मचारी की तरक्की कैसे हो और दूसरे जिस आदमी को तरक्की का हक है उस की तरक्की का हक किसी तरह से पीछे ढकेल कर अपने आदमी को उस की जगह पर पहुंचा दिया जाये । पिछले समय में कर्मचारियों की इतनी बड़ी हड़ताल होने का कारण सिर्फ यही नहीं था । हमारा जो एकीकरण हुआ उस में एकता की जो भावना पैदा होनी चाहिये थी नीचे से ऊपर तक, वह नहीं हो पाई । इस की वजह से उस समय असन्तोष पैदा हुआ । इस लिये मैं आप के द्वारा कहना चाहता हूं कि या तो यह एकीकरण ठीक से हो और जिस तरह से अन्य प्रदेशों को लाभ पहुंच रहा है वैसा ही इस प्रदेश को भी पहुंचे और उन की आमदनी के साधन काफी हों, नहीं तो मैं कहूंगा कि जिस तरह से बम्बई के सम्बन्ध में दुबारा विचार हो रहा है उसी तरह से मध्य प्रदेश के लिये भी विचार किया जाय । जैसा प्राइम मिनिस्टर साहब ने कहा "हमारा प्रदेश काफी बेडौल है ।" आज हम बम्बई और कलकत्ता बहुत जल्दी पहुंच सकते हैं लेकिन अगर हमें अपने प्रदेश में झबुआ से बस्तर को जाना हो तो काफी समय लगता है । तीन चार रोज लगते हैं क्योंकि वहां पर आने जाने के साधन काफी नहीं हैं । काफी बड़ा प्रदेश है । उस की सरहद उड़ीसा की सरहद से मिलती है, बम्बई की सरहद, उत्तर प्रदेश की सरहद और मद्रास की सरहद से मिलती है ।

एक माननीय सदस्य आखिर आप चाहते क्या हैं ?

श्री खादीवाला : राष्ट्रपति जी ने बम्बई के लिये दो प्रदेशों की बात कही है । मैं कहना चाहता हूं कि इस बात के ऊपर भी विचार किया जाना चाहिये, नहीं तो आगे जा कर हमारे प्रदेश का सवाल भी सामने आ सकता है । हम नहीं चाहते कि बम्बई की जो हालत हो गई, वहां प्रदेशों को बनाने के लिये जो कुछ हुआ वह हमारे यहां हो । हमारी बिल्कुल इच्छा नहीं है, लेकिन यह भावना जरूर है हर एक के दिमाग में, हर एक के मन में, जो मैं आप के सामने रखना चाहता हूं ।

श्री राजेन्द्र सिंह (छपरा) आप की राय क्या है इस को तो स्पष्ट कीजिये । आप के प्रदेश का भी पुनः विभाजन हो ?

श्री खादीवाला : मैं ने जो कुछ कहा है उसी से समझ लीजिये ।

उपाध्यक्ष महोदय : आप सभी जानते हैं, वह जो कुछ कहना चाहते हैं ।

श्री खादीवाला : आज भी कहीं कहीं शक्कर पर राशनिंग की बात कही जाती है। शक्कर के बारे में आज हम देखते हैं कि आज वह १ रु० ४ आ० और १ रु० ६ आ० सेर के भाव से बिकती है। उस की खास कठिनाई हमारे यहां है जिसका भी एक कारण है। हम ने यह देखा है कि आज भी मिलों के भीतर शक्कर की हजारों बोरियां पड़ी हुई हैं, और जिस तरह से हम पहले उसका वितरण करते थे उस तरह से अब नहीं कर रहे हैं। हम ने कुछ कोटा बांध दिया है और उस कोटे के बंधने की वजह से आज देश में शक्कर की कमी है। यही वजह है कि जब भी यहां कोई बात उठती है तो हम कहने लगते हैं कि शक्कर की कमी है।

जब शक्कर की कमी हम बतलाते हैं तो सारे देश में उसका असर होता है और जो ब्लैक मार्केट करने वाले लोग होते हैं वह उस शक्कर को दबाते हैं और उसके बाद में उसका भाव बढ़ता है। जहां तक चीनी के उत्पादन का सवाल है वह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ा हुआ है। सन् ४१, ४२ में चीनी का भाव रुपये में पांच सेर था। १ रुपये में ५ सेर चीनी मिलती थी और यह तब था जब कि आज से आधी चीनी भी इस देश में पैदा नहीं होती थी लेकिन उस वक्त उसकी खपत अधिक नहीं थी। उस वक्त उसको कोई नहीं लेता था, कोई नहीं खाता था, उसकी बिक्री कम होती थी और उसका कारण यह है कि पहले हमारे लोगों का जीवन स्तर इतना ऊंचा उठा हुआ नहीं था जितना कि आज वह उठा हुआ है। आज हालत यह है कि हर किसान और मजदूर के घर में चीनी का इस्तेमाल होता है और चीनी और चाय का उनके बीच में इतना प्रचार हो गया है कि जिस किसान के घर में मैं पहुंच जाऊंगा तो वह कहेगा कि अरे दादा खादीवाला चाय तो पिये जाओ। वैसे देखा जाय तो आज चीनी की कमी नहीं है लेकिन आज पहले की अपेक्षा हमारा स्टैन्डर्ड आफ लिविंग ऊंचा हो गया है और चीनी, कपड़े और करीब-करीब हर चीज के बारे में हमारा स्तर ऊंचा हो गया है और आज हर एक को वह चीजें चाहिएं और इसलिए उनकी मांग काफी है। आज चीनी की कमी नहीं है लेकिन उसकी व्यवस्था की तरफ अगर ध्यान दिया जाय तो ठीक होगा।

16 hrs.

पशुधन के सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि करीब १६ करोड़ रुपये की खली हमारे यहां की विदेशों में जाती है, चापड़ा भेजा जाता है। मकई जो होती है उसका स्टार्च बनाते हैं। अगर हमें अपने पशु-धन की उन्नति करनी है और जैसा कि हम प्रदर्शिनी आदि में दर्शाते हैं तो इसके लिये मेरा यह कहना है कि यह जो खली और घास इत्यादि पशुओं के लिये खिलाने की चीजें हैं और जिन से दूध का उत्पादन होता है यह देश के बाहर नहीं भेजी जानी चाहिए।

एक बात मैं और आप की सेवा में कहना चाहता हूं और उसके लिए हर दफे मैं कहता हूं कि हमारे यहां पर इस लोक-सभा में कई ऐसे हमारे भाई हैं, प्रतिनिधि हैं, मेम्बर हैं, जिनको कि यह देखकर दुःख होता है कि यहां पर हिन्दी में इतना कम काम होता है कि मैं ने पहले भी कहा कि क्वैश्चन (प्रश्न) जो भेजे जाते हैं वह अंग्रेजी में तो सारे क्वैश्चन आते हैं लेकिन उनका हिन्दी में तर्जुमा नहीं होता है। यहां भी जब हिन्दी में अगर कोई प्रश्न पूछते हैं और उसका हिन्दी में जबाब होता है तो कहते हैं कि उस की अंग्रेजी करो लेकिन अगर हिन्दी वाले यह कहना शुरू कर देंगे कि आप इसकी हिन्दी करो तो आप कहेंगे कि यह अच्छी बात नहीं है। हालांकि इसका उनको हक है। मैं अंग्रेजी का विरोधी नहीं हूं लेकिन मैं चाहता हूं कि हर कार्यवाही अंग्रेजी समझने वालों की भी और हिन्दी समझने वालों की भी समझ में आ जाये। मैं यह नहीं चाहता कि यहां पर

[श्री खादीवाला]

खाली हिन्दी में कार्यवाही हो और जो हिन्दी नहीं जानते हैं उनकी वह समझ में न आय लेकिन इतना जरूर चाहता हूं कि हिन्दी वाले और अंग्रेजी वाले कम से कम बराबरी से समझ सकें, ऐसी कार्यवाही तो कम से कम अभी शुरू होनी चाहिये । जो क्वैश्चन पूछे जाते हैं वह क्वैश्चन जितने अंग्रेजी में निकलते हैं उतने हिन्दी में निकलने चाहिएं ताकि हिन्दी वाले भी समझें और उनके बारे में सवालात कर सकें । इसलिए यह दिक्कत हमारे सामने बहुत बड़ी है । मैं आपके द्वारा निवेदन करना चाहता हूं कि हिन्दी में भी क्वैश्चन हों और हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में ही उसकी कार्यवाही हो और हिन्दी और अंग्रेजी में बराबरी से कार्यवाही होनी चाहिए

उपाध्यक्ष महोदय : अब तो बस कीजिये, आपका समय खत्म हो गया है ।

श्री खादीवाला : बस आध मिनट में समाप्त किये देता हूं । हमारे देश में खनिज पदार्थों---तेल, पेट्रोल आदि के सम्बन्ध में बहुत हो-हल्ला है । इसका बहुत प्रचार हुआ है कि हमारे देश में पेट्रोल बहुत जल्दी निकल रहा है तो यह बड़ी प्रसन्नता की बात है और स्वागत योग्य है कि पेट्रोल देश में ही निकलने से देश की काफी सम्पति हम बचा सकेंगे और इस वास्ते पेट्रोल को जल्दी से जल्दी निकालने का प्रयत्न होना चाहिए ।

श्रीमती मिनीमाता (बलोदा बाजार–रक्षित–अनुसूचित जातियां): उपाध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद देने खड़ी हुई हूं और उसके लिए आपने जो मुझे समय दिया उसके लिए आपका आभार मानती हूं ।

राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में तृतीय पंचवर्षीय योजना में भिलाई में इस्पात उत्पादन को दुगना करने की चर्चा की है । इसमें कोई संदेह नहीं कि इससे देश के उद्योग की उन्नति होगी तथा जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी । किन्तु यह दुःख की बात है कि उत्पादन में वृद्धि की व्यवस्था करते समय, मजदूरों की दशा को ध्यान में नहीं रक्खा गया है । मैं इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूं कि भिलाई में इस समय भी स्थानीय मजदूरों से अधिक महत्व, बाहरी मजदूरों को दिया जा रहा है । बाहरी लोग ठेकेदार बन कर मजदूरों को धोखा देते हैं । यह तो ठीक है कि भिलाई से हमारे देश में लोहे का उत्पादन दुगना होगा और उसका लाभ राष्ट्र को होगा लेकिन मजदूरों का आज जो शोषण हो रहा है, और मजदूरों की जो भुखमरी है वह भयंकर रूप से सामने खड़ी है । यह खेद का विषय है कि छत्तीसगढ़ में बेकारों और मजदूरों की संख्या बहुत बड़ी होने के बाद भी, मजदूर बाहर से लाकर भरती किये जा रहे हैं । इससे प्रदेश की बेकारी की समस्या और भी बढ़ गयी है और इसको लेकर प्रदेश की जनता में गहरा असन्तोष है । समय रहते, यदि इस समस्या का हल नहीं किया गया तो यह एक भयंकर रूप धारण कर लेगी । यह भी ध्यान देने की बात है कि भिलाई के अधिकारियों का व्यवहार मजदूरों के साथ बहुत बुरा है और मजदूर जानवरों से भी बदतर हालत में रह रहे हैं ।

हमारे वहां का जो स्थानीय पुलिस विभाग है वह तो बिलकुल जनता और मजदूरों के प्रति उपेक्षा बरतता है और उनका कोई खयाल नहीं करता । भ्रष्टाचार वहां पुलिस डिपार्टमेंट में इतना बढ़ गया है जिसकी कोई हद नहीं है । भिलाई हमारे छत्तीसगढ़ वालों के लिए उस एरिया में बसने वालों के लिए पाकिस्तान के बराबर हो गया है । वहां के स्थानीय लोगों को जो सुविधा मिलनी चाहिए, वह नहीं मिल रही है इस बात का हमको दुःख है ।

राष्ट्रपति महोदय के भाषण में खाद्य उत्पादन में वृद्धि की चर्चा हुई है तथा राष्ट्रपति महोदय ने खाद्यान्न की पैदावार और अधिक बढ़ाने की अपील की है पर यह ध्यान देने की बात है कि पैदा-वार बढ़ने के बाद भी चीजों की कीमतें कम नहीं हुई हैं। महंगाई की समस्या समूचे देश में फैली हुई है। राष्ट्र के हित के लिए उपज बढ़ाने वाला किसान आज भी बुरी हालत में रह रहा है क्योंकि उसे हर क्षेत्र में महंगाई का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों को सरकार जो तकावी वितरित करती है उसमें भी अंधेरगर्दी चल रही है और उसमें भी दलाल, घूसखोर और कई ऐसे लोग मिल जाते हैं कि आधा पैसा काश्तकारों का आने-जाने में खर्च हो जाता है और केवल आधा पैसा ही किसानों को मिल पाता है। इसके अतिरिक्त पैसा जिस काम के लिए उसे मिलता भी है वह उस काम को नहीं कर पाता है और वे दलाल लोग पटवारी से मिल-जुल कर उनको ऐसा सिखला देते हैं कि वे अपने उस पैसे को दूसरे काम में भी ले सकते हैं और वे उससे कोई या तो जेवर बना लेंगे या लड़के लड़कियों की शादी कर देंगे और वह पैसा खेती के काम में नहीं लायेंगे। बैल और भैंस के खरीदने के लिए जो पैसा उनको मिलता है वह उससे बैल और भस न खरीद कर दूसरे कामों में खर्च कर डालते हैं और पटवारी लिख देता है कि बैल और भैंस लिया गया। पटवारी इस तरह से रिपोर्ट देकर उनको समझा देता है। उनको इतना गड़बड़ करने का अधिकार मिल गया है कि जिसका कोई कहना नहीं। यह हमें अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि किसान नंगे और भूखे रह कर उत्पादन में वृद्धि नहीं कर सकते, देश की उन्नति नहीं कर सकते। इसलिए पहली कोशिश यह होनी चाहिए कि चीजों की कीमतों को बढ़ने से रोका जाय। छोटी सिंचाई योजनाओं को और अधिक बढ़ाया जाय और सहकारी बैंकों से उन्हें दो बार कर्ज दिया जाये।

अनुसूचित तथा आदिम जातियों की छात्राओं और छात्रों की शिक्षा की प्रगति के विषय में राष्ट्रपति महोदय ने संतोष प्रकट किया है। पर सच्चाई यह है कि जब तक इन छात्राओं को अनिवार्य शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति नहीं दी जाती तब तक इस जाति का उत्थान नहीं हो सकता। यह ध्यान में रखने की बात है कि स्वाधीनता के इतने वर्षों के बाद भी ये जातियां अभी भी अशिक्षित है। यह आम शिकायत है कि छात्रों को छात्रवृत्तियां समय पर नहीं मिलती हैं।

दूसरी बात नौकरशाही की है। आप देखेंगे कि नौकरशाही में हम लोगों की तो उपेक्षा होती ही है। पांच बरस पहले जब हम जनरल इलेक्शन लड़े थे उन पांच बरसों में हम लोगों की उतनी उपेक्षा नहीं होती थी। अभी नौकरशाही के बीच में हमारी उपेक्षा होती है, यहां तक कि मंत्री महोदय की बात भी नहीं सुनी जाती। हम समझते हैं कि मंत्री महोदय को लिखें और यदि मंत्री महोदय लिखेंगे तो काम जल्द हो जाएगा। लेकिन मंत्री महोदय लिखकर उनके पास भेजते हैं, तो वह नाक भौं सिकोड़ते हैं और जनता के काम की उपेक्षा करते हैं। इसकी भी कोई हद नहीं है। कहां तक हम इस दुःख को रोयें।

दूसरी बात है ग्राम पचायत की। यह बात मैं अपने अनुभव से कहती हूं। आप ग्राम पंचायतों का निर्माण तो हर जगह कर रहे हैं। पर ग्राम पंचायत में जिन लोगों को उचित न्याय मिलना चाहिए उनको उचित न्याय नहीं मिलता और जिनको नहीं मिलना चाहिए उनको मिल जाता है। जिसके पास पांच दस रुपया होता है वह ग्राम पंचायत के मेम्बरों

[श्रीमती मिनीमाता]

को थमा देता है और उसको न्याय मिल जाता है । लेकिन जिसके पास खाने को रोटी नहीं है और जिसको न्याय मिलना चाहिए उनको न्याय नहीं मिल पाता ।

अब मैं कुछ ग्राम उद्योगों, छोटे उद्योगों के सम्बन्ध में कहना चाहती हूं । हर एक प्रान्त में शायद आपने ट्रेनिंग सेंटर खोले हैं जहां विद्यार्थियों को साबुन बनाना, जूता बनाना आदि काम सिखाए जाते हैं । यह काम सीखने के बाद उद्योग को बढ़ाने के लिए उन लड़कों को ग्रांट मिलने का जो कायदा है, उसमें लड़के लिखते-लिखते थक जाते हैं मगर उनको ग्रांट नहीं मिल पाता । उनको पता नहीं कि कहां जाएं किससे उनको पैसा मिलेगा जिससे कि वह उद्योग को बढ़ावें । वह परीक्षा पास करने के बाद निठल्ले बैठे रहते हैं, उनको सर्विस में नहीं लिया जाता । उनसे कहा जाता है कि ग्रांट ले लीजिये और उद्योग को बढ़ाइए । लेकिन वह उद्योग को बढ़ावें कैसे ? हमारे यहां ऐसे बच्चे हैं जो छः-छः महीने तक शहर में उद्योग कार्यालय को जाते रहे हैं यहां तक कि उनके जूते फट गए, पर उनको कुछ नहीं मिला । यह तो छोटे उद्योगों का हाल है ।

इसके बाद मैं छोटी सिंचाई योजनाओं के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहती हूं । हमारी सरकार बड़ी बड़ी सिंचाई योजनाओं का निर्माण कर रही है । लेकिन देहात में यह महसूस किया जाता है कि जब तक छोटी सिंचाई योजनाओं को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी और उनको ज्यादा नहीं बनाएंगे तब तक खाद्य के उत्पादन में बहुत कमी रहेगी । छोटी सिंचाई योजनाओं को ज्यादा बनाया जाए ताकि किसानों को सुविधा हो ।

Shri Jamal Khwaja (Aligarh): Mr. Deputy-Speaker, Sir, before I say something on the President's Address, I would like to make a humble submission about the time-limit for speakers. I submit that every Member of Parliament should be given a minimum quota of time for the whole five year period because there are many of us who have spoken only very few times. We do not get an opportunity. Not that I am anxious to speak on every occasion but there are certain occasions when I would like to have a full say and I submit that there should be a minimum quota of time.

Mr. Deputy-Speaker: If he is not a Member of any particular party, then I can allot him, not the minimum but something more than the minimum. But if he is a member of some regular party, he should consult his own whips. He should not have any reason for complaining against the Speaker. Now, he is losing time out of the fifteen minutes minimum that he has.

